हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, गुरुवार, 16 अक्तूबर 2025




# नागरिकों ने तीन दिनों में 4,610 किलोग्राम कचरा किया दान

## नगर निगम के 'स्वच्छ दिवाली, शुभ दिवाली' अभियान को मिला ज़बरदस्त प्रतिसाद

**नागपुर.**

नागपुर नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे 'स्वच्छ दिवाली, शुभ दिवाली' अभियान को नागपुरवासियों ने ज़बरदस्त प्रतिक्रिया दी है। पिछले तीन दिनों में, दान स्वीकृति केंद्रों पर शहर से 4,610 किलोग्राम कचरा एकत्र किया गया है। इस प्रतिक्रिया के माध्यम से, नागपुरवासियों ने शहर को स्वच्छ रखने और रीसाइक्लिंग की संस्कृति को संरक्षित करने के लिए अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता साबित की है।

यह अभियान 12 अक्टूबर से शुरू हुआ है और 18 अक्टूबर तक चलेगा। नगर निगम ने नागरिकों से इस अभियान में भाग लेने की अपील की है। दिवाली की सफाई प्रक्रिया के दौरान घरों से निकलने वाले कचरे का सुरक्षित और उचित निपटान सुनिश्चित करने और ज़रूरतमंदों तक पहुंचाने के उद्देश्य से, नागपुर नगर निगम ने शहर में 102 स्थानों पर 'कचरा स्वीकृति केंद्र' शुरू किये हैं। 'स्वच्छ दिवाली, शुभ दिवाली' अभियान में तीन दिनों में नागरिकों द्वारा 4610 किलोग्राम अपशिष्ट सामग्री दान की गई है। इसमें से 2237 किलोग्राम कपड़े, 872 किलोग्राम कागज़ और किताबें, 750 किलोग्राम प्लास्टिक की वस्तुएं, 249 किलोग्राम ई-कचरा, 88 किलोग्राम घरेलू बर्तन, 111 किलोग्राम लकड़ी की वस्तुएं और 303 किलोग्राम अन्य वस्तुएं तीन दिनों में इन केंद्रों पर आए 2,127 नागरिकों द्वारा दान की गई हैं।







कचरा संग्रहण केंद्र नागरिकों के लिए अपने घरों से पुराना फर्नीचर, टूटी हुई प्लास्टिक की वस्तुएं, ई-कचरा और अन्य अपशिष्ट सामग्री जमा करने का एक उपयुक्त स्थान बन गया है। इससे यह कचरा सड़क पर या कूड़ेदान में फेंकने के बजाय सीधे नगर निगम को सौंपा जा सकता है। इससे शहर की स्वच्छता बनाए रखने में मदद मिलती है। इसके साथ ही, 'स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली' अभियान के तहत, नागपुर महानगरपालिका द्वारा उन नागरिकों को 'धन्यवाद' स्टिकर दिये जा रहे हैं जो घरेलू कचरा, पुनर्चक्रण योग्य वस्तुएं, पुराने कपड़े, गद्दे, ई-कचरा, प्लास्टिक की वस्तुएं, पुरानी किताबें, अखबार के टुकड़े, कांच की वस्तुएं आदि नगर निगम के संग्रह केंद्र में जमा करते हैं, जिन्हें उनके घरों और सोसायटी के दरवाजों पर लगाया जाएगा।

# नागपुर नगर निगम ने की डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित



**नागपुर.** नगर निगम ने विज्ञान के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। नगर मुख्यालय के सभागार में आयोजित एक छोटे से समारोह में नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त श्रीमती वसुमना पंत, अतिरिक्त आयुक्त वैष्णवी बी., उपायुक्त मिलिंद मेश्राम, उपायुक्त राजेश भगत, जनसंपर्क अधिकारी मनीष सोनी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर स्वप्निल लोखंडे, अमोल ठकसे, प्रमोद हिवसे, राजू लोनारे, कमलेश जंजाल, अनिकेत यादव, जितेश धकाते, शुभम राउत, राज चौधरी, अनिकेत एटे, शैलेश जांभुलकर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# पारडी में कचरे को लेकर विवाद, पिता-पुत्र की पिटाई

**नागपुर.** पारडी के शिवनगर इलाके में शौचालय के गंदे पानी और कचरे को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक युवक और उसके पिता को उनके पड़ोसियों ने लाठियों से बुरी तरह पीटा। घटना शितला माता मंदिर के पास, गली नंबर 3, प्लॉट नंबर 188 में हुई। जानकारी के अनुसार, फरियादी टेकराम मेश्राम (18 वर्ष) की माँ और आरोपी सुरेश धानले की पत्नी के बीच कचरे को लेकर शाब्दिक झड़प हुई थी। इसी विवाद की वजह से 13 अक्टूबर की शाम आरोपियों ने फरियादी और उसके पिता पर हमला बोल दिया। आरोपी सुरेश धानले (58 वर्ष) और हरिश धुर्वे (25 वर्ष) ने फरियादी टेकराम मेश्राम और उसके 48 वर्षीय पिता से गाली गलौज करने के बाद लकड़ी की लाठियों से वार किया। इस हमले में युवक के हाथ और पैर में चोटें आईं, जबकि उसके पिता के सिर में लाठी लगी। जख्मी पिता-पुत्र का इलाज एक स्थानीय हॉस्पिटल में कराया गया।

# पांचपावली में नाबालिग से छेड़छाड़

**नागपुर.** पांचपावली पुलिस ने एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ के आरोप में एक 30 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नवीन कृष्णराव खापेकर, निवासी पाचपावली, नागपुर के रूप में हुई है। यह घटना दिनांक 14 अक्टूबर, 2025 को शाम लगभग 7:15 बजे की है। पीड़िता, जो पाचपावली इलाके की रहने वाली है, ट्यूशन क्लास के लिए पैदल जा रही थी। इसी दौरान आरोपी खापेकर ने उसे रास्ते में रोककर उसके साथ अशोभनीय व्यवहार किया। आरोपी ने नाबालिग लड़की को अनुचित तरीके से छूने का प्रयास किया और ऐसी हरकतें कीं, जिससे उसे शर्मिंदगी और डर का सामना करना पड़ा। घटना के बाद पीड़िता के परिवार ने पाचपावली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कार्रवाई करते हुए पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

# मेडिट्रीना हॉस्पिटल के सह-संचालक डॉ. समीर पालतेवार पर मामला दर्ज

**नागपुर.**




शहर स्थित मेडिट्रीना हॉस्पिटल के सह-संचालक डॉ. समीर पालतेवार के खिलाफ एक और आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। सीताबर्डी पुलिस ने अस्पताल के संस्थापक गणेश चक्रवर्ती की शिकायत पर धोखाधड़ी का यह मामला दर्ज किया है।

शिकायत के अनुसार, चक्रवर्ती और पालतेवार ने मिलकर 'मेडिट्रीना इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' की स्थापना की थी।

यह अस्पताल विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के तहत मरीजों का इलाज करता है। इन योजनाओं के तहत इलाज का खर्च अस्पताल द्वारा वहन किया जाता है, जिसकी प्रतिपूर्ति बाद में सरकार द्वारा फंड के रूप में की जाती है। इसके लिए अस्पताल का एक अलग बैंक खाता था। आरोप है कि डॉ. पालतेवार ने गैर-कानूनी तरीके से इस सरकारी फंड को अस्पताल के बैंक खाते से निकालकर अपनी एक शेल कंपनी के खाते में ट्रांसफर कर दिया।

इसी आरोप के आधार पर पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले दर्ज किये हैं। इस बीच, डॉ. पालतेवार को आज अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें पुलिस रिमांड में 18 अक्टूबर तक भेज दिया है। यह पालतेवार पर दर्ज किया गया ताजा मामला है, जिससे उनकी कानूनी परेशानियां और बढ़ गई हैं।

## उत्कृष्ट गणेश मंडलों का हुआ सम्मान

# नागपुर पुलिस ने मालिकों को लौटाया 48 लाख का जब्त माल

**नागपुर.**


शहर के परिमंडल क्रमांक 02 के तहत, 'मुद्देमाल हस्तांतरण व आदर्श गणेश मंडल सत्कार समारंभ' का एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बुधवार शाम 6 बजे, सिविल लाइन्स स्थित सेंट उर्सुला स्कूल में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नागपुर शहर के पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्रकुमार सिंगल ने की। इस अवसर पर पुलिस द्वारा जब्त किये गए कीमती सामान, जिनकी कुल कीमत लगभग 48.36 लाख रुपये है, को उनके असली मालिकों को वापस लौटा कर दिवाली की एक खास भेंट दी गई।



कुल 192 मुद्देमाल लौटाए गए, जिनमें 10 वाहन, 6 हथियार और 176 मोबाइल फोन शामिल हैं। कार्यक्रम में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें नवीचंद्र रेड्डी, सह पुलिस आयुक्त, राजेंद्र दाभाडे, अपर पुलिस आयुक्त उत्तर प्रादेशिक विभाग, नित्यानंद झा, पुलिस उपायुक्त, परिमंडल क्रमांक 02 शामिल थे। पुलिस द्वारा दिये गए आँकड़ों के अनुसार, मुद्देमाल विभाग द्वारा 23.71 लाख रुपये के 17 मुद्देमाल (10 वाहन, 6 हथियार और 1 मोबाइल) और मोबाइल मिसिंग पथक द्वारा 24.64 लाख रुपये के 175 मोबाइल फोन लौटाए गए।

इसके अलावा, इस कार्यक्रम में गणेशोत्सव के दौरान सामाजिक रूप से उपयोगी कार्य करने वाले, डीजे-मुक्त गणेश मंडलों का विशेष सम्मान किया गया। साथ ही, 'ऑपरेशन थंडर', 'ऑपरेशन शक्ति' और 'ऑपरेशन यू-टर्न' जैसे अभियानों का प्रचार-प्रसार करने वाले 13 गणेश मंडलों को भी सराहना पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह पहल नागपुर पुलिस की जनता के साथ सौहार्द और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम मानी जा रही है।

# शराब के नशे में पत्नी पर चाकू से हमला



**नागपुर.** यशोधरानगर स्थित संजय बाग कॉलनी में मंगलवार की रात एक मारपीट की घटना सामने आई है, जहां एक युवक ने दारू के नशे में अपनी ही पत्नी को चाकू से गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, फरार आरोपी अरशद उर्फ भूरू सत्तार पटेल (24 वर्ष) मंगलवार रात करीब 10 बजे दारू का नशा करके घर लौटा। इस पर उसकी पत्नी सानिया अरशद पटेल (18 वर्ष) ने उसे दारू पीने और इस वजह से होने वाले झगड़ों के लिए टोका। पत्नी की इस बात से नाराज आरोपी अरशद भड़क गया और उसने कहा कि, 'तु हमेशा मुझे दारू पीने के लिए मना करती है, तुझे जान से ही मार डालता हूं।' इसके बाद उसने रसोई से सब्जी काटने का चाकू उठाया और अपनी पत्नी सानिया के चेहरे, बाई आंख, गाल और कान पर वार किये। इस हमले में सानिया गंभीर रूप से घायल हो गईं। जख्मी हालत में उन्हें मेयो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वारदात के बाद आरोपी अरशद वहां से भाग निकला। पीड़िता के परिवार की शिकायत पर यशोधरानगर पुलिस ने आरोपी अरशद पटेल के खिलाफ हत्या के प्रयास के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के दारू पीने की आदत के चलते पहले भी घर में झगड़े होते रहते थे। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है।

# ऑटो चालक पर जानलेवा हमला, मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** वाठोड़ा थाना क्षेत्र के खरबी चौक इलाके में मंगलवार दोपहर ऑटो चालकों के बीच जानलेवा हमला हुआ। पुराने विवाद को लेकर एक ऑटो चालक ने दूसरे को लकड़ी के डंडे और पत्थर से जमकर पीटा, जिससे घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना की शुरुआत दोपहर करीब 1:30 बजे से हुई। फरियादी रजिक अली (27) सवारी की प्रतीक्षा कर रहा था। तभी आरोपी अरिफ इजायत खान (30) अपना ऑटो लेकर वहां पहुंचा। पुराने वाद को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोपी ने गुस्से में अपने ऑटो से लकड़ी का डंडा निकालकर फरियादी की जमकर पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद उसने एक पत्थर उठाकर फरियादी के सिर पर वार किया। पत्थर निशाने पर न लगने से वह फरियादी की गर्दन और कंधे पर जा लगा, जिससे उसे चोटें आईं। पुलिस जांच के अनुसार, दोनों पक्ष एक-दूसरे को जानते हैं और दोनों ही ऑटो चालक हैं। आरोपी अरिफ पहले से ही इलाके में उपद्रवी गतिविधियों के लिए जाना जाता है और उसके खिलाफ वाठोडा थाने में एक मामला भी दर्ज है।

# पुलिस ने 55 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ युवक को दबोचा

**नागपुर / कामठी (सौमित्र नंदी).**

पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंघल के 'ऑपरेशन थंडर' के तहत जूना कामठी थाना पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने एक युवक को 55 ग्राम एमडी (मेफेड्रोन) ड्रग्स और 11,060 रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया है। जूना कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई उप-निरीक्षक आकाश महिले के नेतृत्व वाली टीम ने की। पुलिस टीम द्वारा की गई इस सफल कार्रवाई में शहर में नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों पर शिकंजा कसने में मदद मिली है।



पुलिस ने आरोपी युवक को भादवि की धारा 8(क), 22 (क), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर उसके पास से प्रतिबंधित एमडी ड्रग्स और नकदी जब्त की है। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चल रहे 'ऑपरेशन थंडर' के तहत यह कार्रवाई एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य शहर को नशामुक्त बनाना है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और गिरफ्तार युवक से ड्रग्स के स्रोत और इसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। जूना कामठी पुलिस की इस तत्परता और सफलता की सराहना की जा रही है। इस अपराध में, पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र सिंगल, सह पुलिस आयुक्त नवीनचंद्र रेड्डी, पुलिस उपायुक्त परिमंडल 6 डॉ. संदीप पाखाले, कामठी विभाग सहायक पुलिस आयुक्त अंकुश खेडकर और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमडे के मार्गदर्शन में, जूना कामठी पुलिस थाना के एन.डी.पी.एस. दल के प्रमुख पी.एस.आई. आकाश महल्ले, और स्टाफ ने गुप्त सूचना के आधार पर अथक प्रयास करके आरोपी वाठोड़ा थाना अंतर्गत बीडगांव, निवासी नवनीत सुरेश शेवाने (उम्र 28) को गिरफ्तार किया और उपरोक्त माल-ए-मुकदमा (सामान) को घटनास्थल जब्ती पंचनामा के अनुसार जब्त किया गया। साथ ही, वांछित आरोपी की तलाश जारी है और मामले की आगे की जांच चल रही है।

# नंदनवन में गांजा पार्टी, सात नशेड़ी गिरफ्तार

**नागपुर.** नंदनवन पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर गांजा पीने के आरोप में सात नशेड़ियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना नंदनवन थाना क्षेत्र के मिरे ले-आउट स्थित दत्त मंदिर के पीछे बने एक मकान में घटित हुई, जहाँ आरोपी बैठकर सामूहिक रूप से गांजा का सेवन कर रहे थे। गिरफ्तार किए गए सभी सात आरोपी गांजा व्यसन के शिकार पाए गए। इनमें अंकित शिवदास चौधरी (23), स्वप्निल सुधाकर कोंगरे (25), प्रणय सुरेश आडमोरे (23), अंकित पुरुषोत्तम नागोरे (29), अंकित सुरेश जैस (34), प्रकाश अंबादास गायकवाड (21) और सबसे उम्रदराज अशोक विनायक पुडकेलवार (66) शामिल हैं। पुलिस को इस गांजा पार्टी की भनक लगते ही एक दल ने छापामार कार्रवाई की। छापे के दौरान सभी आरोपी एक साथ बैठकर गांजा पीते हुए पकड़े गए। आरोपियों की तलाशी लेने पर प्लास्टिक की पन्नी में बंद गांजा बरामद किया गया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने गांजा के अलावा आरोपियों की एक दुपहिया वाहन और एक ऑटो रिक्शा भी जब्त कर लिया। मादक पदार्थ रखने और सार्वजनिक स्थान पर सेवन करने के आरोप में सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि शहर को नशामुक्त बनाने के अभियान के तहत इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# महानगरपालिका चुनाव की मतदाता सूची कार्यक्रम 2025 घोषित

**नागपुर.** राज्य चुनाव आयोग ने नागपुर महानगरपालिका के आगामी आम चुनावों के लिए मतदाता सूची कार्यक्रम 2025 की घोषणा कर दी है। राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार, अधिसूचित तिथि (1 जुलाई, 2025) को विधानसभा की विद्यमान मतदाता सूची के आधार पर महानगरपालिका के आम चुनावों के लिए तैयार प्रारूप मतदाता सूची 6 नवंबर को प्रकाशित की जाएगी और इस पर आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किये जाएंगे। आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14 नवंबर होगी। राज्य चुनाव आयोग ने आयुक्तों को प्रारूप मतदाता सूची पर दर्ज आपत्तियों एवं सुझावों पर निर्णय लेने तथा वार्डवार अंतिम मतदाता सूचियों को प्रमाणित कर 28 नवंबर को प्रकाशित करने का निर्देश दिया है। राज्य चुनाव आयोग ने राज्य के 29 महानगरपालिकाओं के आम चुनावों के लिए मतदाता सूची कार्यक्रम 2025 की घोषणा कर दी है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गए निर्णय के अनुसार, चुनाव तत्काल कराने की आवश्यकता है।




राज्य चुनाव आयोग स्थानीय निकायों के चुनावों के लिए अलग से मतदाता सूची तैयार नहीं करता, बल्कि विधानसभा की मतदाता सूची का उपयोग करता है। तदनुसार, 1 जुलाई 2025 की तिथि अधिसूचित की गई है और इस तिथि को विद्यमान महाराष्ट्र विधानसभा मतदाता सूची को वार्ड-वार विभाजित करके नगर निगम चुनावों के लिए उपयोग किया जाएगा, राज्य चुनाव आयोग के सचिव सुरेश काकानी ने आदेश में कहा। मसौदे मतदाता सूची पर प्राप्त आपत्तियों पर सीमित संख्या में सुधार किये जाएंगे। इसमें कुछ लिपिकीय त्रुटियां, यदि किसी अन्य वार्ड के मतदाता गलती से शामिल हो गए हों, यदि विधानसभा मतदाता सूची में नाम होने के बावजूद नगर निगम के संबंधित वार्ड की मतदाता सूची से नाम हटा दिए गए हों, या यदि मृतक व्यक्तियों के नाम पाए जाते हैं या उनके संबंध में आपत्तियाँ या सुझाव प्राप्त होते हैं, तो ऐसे परिवर्तन आयुक्त द्वारा अधिकृत अधिकारियों द्वारा किए जा सकते हैं।



# नवगठित दुधाला जिला परिषद सर्कल: महाविकास आघाड़ी और महायुति आमने-सामने

**कोंढाली.**

नागपुर जिला परिषद के दुधाला सर्कल में इस बार राजनीतिक हलचल तेज़ है। नए गठित सर्कल और महिला (सर्वसाधारण) आरक्षण के चलते यह सीट चर्चा का केंद्र बन गई है। इस बार महिला उम्मीदवारों के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावना है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि ग्रामीण मतदाताओं के जटिल समीकरणों के बीच जीत का पलड़ा किसके पक्ष में झुकेगा, कहना अभी मुश्किल है। भाजपा और राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गुट) के बीच सीधी टक्कर तय मानी जा रही है।

दुधाला सर्कल में दुधाला पंचायत समिति और आसपास की ग्राम पंचायतें शामिल हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या 24,582 है, जिनमें अनुसूचित जाति 1,937 और अनुसूचित जनजाति 4,841 हैं। महिला आरक्षण लागू होने से स्थानीय नेताओं के समीकरण










बदल गए हैं। भाजपा ने संगठन सुदृढ़ीकरण और तल स्तर की महिला कार्यकर्ताओं की पहचान पर जोर दिया है। पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे और विधायक चरणसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में तीन संभावित महिला उम्मीदवारों के नाम ट्रिपल स्क्रीनिंग प्रक्रिया में हैं।

महाविकास आघाड़ी में राष्ट्रवादी कांग्रेस, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना के बीच सीट बंटवारे पर चर्चा चल रही है।

यदि आघाड़ी एकजुट रही, तो सुनील केदार और अनिल देशमुख की पकड़ से उम्मीदवार आसानी से जीत सकते हैं।

### भाजपा के लिए मौका

विश्लेषकों का कहना है कि अगर महाविकास आघाड़ी में मतभेद हुआ, तो भाजपा अपने संगठन और मतदाताओं के समर्थन से बढ़त हासिल कर सकती है। त्रिकोणीय या बहुकोणी मुकाबला इस बार बहुत संभव है।

### स्थानीय मुद्दे और महिलाओं की सक्रियता

महिला मतदाताओं में महंगाई, बेरोजगारी, कृषि उपज मूल्य और लाडकी बहना योजना में कटौती के कारण असंतोष बढ़ा है। आघाड़ी इन मुद्दों को चुनावी प्रचार का केंद्र बना सकती है, जबकि भाजपा विकास और केंद्र-राज्य योजनाओं के लाभ को उजागर करेगी।

### निर्दलीय उम्मीदवारों का प्रभाव

स्थानीय प्रभावशाली महिला कार्यकर्ता और निर्दलीय नेता भी मैदान में उतर सकते हैं, जिससे मुकाबला और रोमांचक और अप्रत्याशित हो सकता है।

महिला आरक्षण, ग्रामीण महिला मतदाताओं की बढ़ती राजनीतिक जागरूकता और वरिष्ठ नेताओं की प्रतिष्ठा के कारण दुधाला जिला परिषद सर्कल की इस बार की लड़ाई बेहद चुरशीली और निर्णायक होगी।

# विधायक ठाकुर की पहल पर चारों नगरों को मिली शववाहिका

**कोंढाली.**

जीवन के सबसे कठिन और दुखद क्षणों में जब परिवार का कोई सदस्य हमेशा के लिए विदा हो जाता है, तब उसकी अंतिम यात्रा सम्मानजनक ढंग से संपन्न हो — यही हर नागरिक की मानवीय इच्छा होती है। अब यह इच्छा काटोल, नरखेड, मोवाड नगर परिषदों और कोंढाळी नगर पंचायत के नागरिकों के लिए पूरी हो गई है।

विधायक चरणसिंह ठाकुर के लगातार प्रयासों और संवेदनशील पहल के परिणामस्वरूप इन चारों नगरों के लिए शववाहिका मंजूर की गई है। इससे पहले, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मृतक को स्मशानभूमि या कब्रिस्तान तक ले जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बार निजी वाहन के लिए बड़ी राशि देनी पड़ती थी और कभी-कभी अत्यंत असुविधाजनक परिस्थितियों में अंतिम यात्रा करनी पड़ती थी।

जनता की इस पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए विधायक ठाकुर ने राज्य के




मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और जिले के पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले से इस विषय पर चर्चा की। उनके निवेदन पर शासन ने संवेदनशील निर्णय लेते हुए जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर के माध्यम से चारों नगरों के लिए शववाहिका प्रदान करने का आदेश जारी किया।यह केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि जनमानस की भावनाओं को सम्मान देने वाला कदम है। अब हर परिवार अपने प्रियजनों की अंतिम यात्रा गरिमा और सम्मान के साथ कर सकेगा। चारों नगरों के नागरिकों ने विधायक चरणसिंह ठाकुर के इस प्रयास के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। नागरिकों का कहना है “यह शववाहिका केवल एक वाहन नहीं, बल्कि अंतिम सम्मान का आधार है।”

# आउटर रिंग रोड बना, पर अप्रोच रोड नहीं: 5 किमी का 'फेरा': मोहन माकड़े

**नागपुर / कामठी.**

नागपुर के आसपास नवनिर्मित आउटर रिंग रोड के चालू हुए छह महीने बीत जाने के बावजूद, स्थानीय किसानों और ग्रामीणों को इसका कोई सीधा फायदा नहीं मिल रहा है। प्रमुख समस्या यह है कि मुख्य मार्ग से गांवों को जोड़ने वाली 'अप्रोच रोड' अभी तक पूरी तरह से नहीं बन पाई हैं, जिसके कारण ग्रामीणों को अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी 5 किलोमीटर का अतिरिक्त फेरा मारना पड़ रहा है।



पालक मंत्री को निवेदन दिया गया था, लेकिन काम शुरू नहीं स्थानीय ग्रामीणों की तरफ से, पूर्व जिला परिषद सदस्य मोहन माकडे ने इस गंभीर विषय को लेकर पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले को एक निवेदन भी सौंपा था, लेकिन खेद की बात यह है कि आज तक अप्रोच रोड के निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो सका है। शिकायत के अनुसार, सड़क निर्माण का काम संभाल रही बंसल कंपनी कथित तौर पर अप्रोच रोड का काम अधूरा छोड़कर चली गई है। सड़क के आधे-अधूरे निर्माण के कारण गांव वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहन माकडे ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण पर भी उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया है, जिसके परिणामस्वरूप हर गांव वाले को अनावश्यक रूप से 5 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है। किसी भी गांव के लिए कोई सीधा अप्रोच मार्ग उपलब्ध नहीं है।

पूर्व जिला परिषद सदस्य मोहन माकडे ने प्रशासन और संबंधित मंत्री महोदय से इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान देने और अप्रोच रोड का काम जल्द से जल्द पूरा करवाने की अपील की है, ताकि स्थानीय लोगों को हो रही इस दैनिक परेशानी से मुक्ति मिल सके।

# शोएब असद का आरोप – प्रॉपर्टी विवाद पर नदीम इकबाल ने रची साजिश

**नागपुर/कामठी.**

तहसील के येरखेडा रोड निवासी शोएब असद ने नागपुर निवासी नदीम इकबाल से एक संपत्ति करारनामे को लेकर खुद पर लगाए गए गलत आरोपों के खिलाफ उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

शोएब असद का कहना है कि उन्होंने हाजी अहमद नागानी और श्रीमती रिजवाना नागानी से दिनांक 28.09.2011 को 51 लाख रुपये में एक अचल संपत्ति का करारनामा किया था और पैसे भी पूरी तरह से अदा कर दिए थे।

**थाना क्षेत्र से बाहर दर्ज हुई शिकायत पर सवाल :** शोएब असद ने बताया कि उनके नाम से हुए इस संपत्ति करारनामे के बावजूद, नदीम इकबाल के साजिश अनुसार उन्हें किसी साजिश के तहत फंसाया जा रहा है और यशोधरा नगर पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ गलत शिकायत दर्ज कराई गई है।

जबकि नदीम इकबाल के पत्नी से करारनामा रद्द कर अनुबंधित रकम भी वापिस कर दी गई है। शोएब असद का तर्क है कि उपरोक्त अचल संपत्ति (हाजी अहमद नागानी व अन्य) और वे खुद दोनों ही कामठी थाना क्षेत्र के निवासी हैं, ऐसे में शिकायत कामठी थाने में दर्ज होनी चाहिए थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि संपत्ति के कागजात पूरी तरह से वैध हैं और उन्होंने सभी नियम व शर्तों का पालन करते हुए यह करार किया है।

**करारनामे की शर्तों पर विक्रेता ने ली थी पूरी जिम्मेदारी :** करारनामे के दस्तावेज़ स्पष्ट रूप से बताते हैं कि विक्रेता (शोएब असद) ने यह सुनिश्चित किया था कि संपत्ति पूरी तरह से विवादमुक्त है और किसी भी प्रकार के कानूनी बोझे, गिरवी, दान, या न्यायप्रविष्ट मामले में नहीं है। विक्रेता ने यह भी वचन दिया था कि यदि भविष्य में कोई विवाद या कठिनाई उत्पन्न होती है, तो उसका निवारण उनकी पूरी जिम्मेदारी होगी और क्रेता को कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। इस करारनामे में किसी भी त्रुटि या कमी को दुरुस्त करने की बात भी दोनों पक्षों ने स्वीकार की थी।

**शोएब असद ने उच्चाधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार :** अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को गलत बताते हुए, शोएब असद ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों से उचित और निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की है। उनका कहना है कि प्रॉपर्टी का करारनामा सही है और उन्होंने कानूनी रूप से संपत्ति हासिल की है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि पुलिस द्वारा इस मामले में साज़िश के पहलुओं की जांच करेगी और उन्हें बेवजह परेशान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ताकि सच्चाई सामने आ सके और उन्हें न्याय मिल सके।

# सावनेर में विकास के नाम पर 500 साल पुराना बरगद का पेड़ कटाई के लिए बलि पर

**सावनेर.**

शहर के गांधी पुतला चौक में स्थित लगभग पांच-सौ साल पुराने बरगद के पेड़ को सरकारी अस्पताल के परिसर में 125 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए कटाई के लिए रखा गया। यह पेड़ दशकों से शहरवासियों को शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान कर रहा था और पर्यावरण प्रेमियों के लिए इसे एक अहम प्रतीक माना जाता था।

आज सुबह अचानक पेड़ की कटाई शुरू कर दी गई। कटाई के दौरान पेड़ से निकलते आँसू जैसे द्रव ने मानो शहरवासियों से सवाल किया, "मेरा क्या कसुर?" लेकिन नगरवासियों के लिए यह केवल निराशा और बेबसी का पल बन गया। पर्यावरण प्रेमियों में नाराज़गी का सुर



सुना गया, लेकिन शहर के विकास के लिए इस कटाई को अनिवार्य बताया जा रहा है।

स्थानीय लोग बता रहे हैं कि गांधी चौक पर बढ़ते अतिक्रमण और सुरक्षा जोखिम के कारण इसे हादसों का स्थान माना जा रहा है। हालांकि, नगर प्रशासन, बांधकाम विभाग और पुलिस प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने या सुरक्षा के उपाय करने में कोई पहल नहीं की।

नगरवासियों का कहना है कि विकास के नाम पर शहर की हरियाली और पुरानी विरासत को बलि देना एक दुखद अनुभव है।

शहरवासियों और पर्यावरण प्रेमियों की चिंताओं के बीच यह कटाई कार्य जारी है।

# नप चुनाव में उतरेगी पूरी ताक़त से, नगराध्यक्ष भी लड़ेगी – एआईएमआईएम




**कामठी.**

आने वाले नगर परिषद चुनाव को देखते हुए ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने अपनी पूरी चुनावी रणनीति का खुलासा कर दिया है। पार्टी ने ज़ोरदार ऐलान किया है कि वह इस बार सभी 17 प्रभागों के साथ-साथ नगराध्यक्ष पद का चुनाव भी पूरी ताक़त के साथ लड़ेगी।

पार्टी की चुनावी तैयारियों को धार देने और संगठन को मज़बूत करने के उद्देश्य से हाल ही में एक भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जहाँ कार्यकर्ताओं का ज़बरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस सम्मेलन में एआईएमआईएम के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एआईएमआईएम महाराष्ट्र के महासचिव समीअर साजिद बिल्डर ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उनके साथ नागपुर प्रभारी निसार सिद्दीकी, विदर्भ के वरिष्ठ नेता कृष्णा जाधव, पूर्व कॉर्पोरेटर काका काकडे और कीर्ति डोंगरे भी मौजूद थीं। इनके अलावा, पार्टी के महत्वपूर्ण नेता जैसे शकीबुर रहमान, बबलू कुरैशी, हाजी आरिफ, इस्माईल पटेल, मज़ाहिर अनवर, हाजी फ़ैय्याज़ अहमद, मंगेश मेश्राम, तस्लीम मंसूरी, परवेज़ नुसरत, सिकंदर शेख, नौशाद अख़्तर, गुड्डू भाई, और नकीब भाई सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी नेतृत्व ने सम्मेलन में स्पष्ट किया कि एआईएमआईएम इस बार कम्पी की जनता को एक मज़बूत, ईमानदार और विकासशील विकल्प देने की पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर से लेकर नगर स्तर तक सक्रिय रहने का आह्वान किया और जनसम्पर्क अभियान को तेज़ करने पर विशेष ज़ोर दिया।

उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनाव में एआईएमआईएम की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। पूरे जोश और उत्साह के साथ कार्यकर्ताओं ने यह वादा किया कि वे पार्टी के अभियान को ज़मीनी स्तर पर मज़बूती देंगे।

# पोरवाल कॉलेज ने धम्मचक्र दिवस व डॉ. एपीजे कलाम की जयंती मनाई

**कामठी.**

सेठ केसरीमल पोरवाल जूनियर कॉलेज में धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस और एपीजे अब्दुल कलाम जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप-प्राचार्य प्रो. डॉ. सुधीर अग्रवाल ने की, मुख्य अतिथि प्रो. वासनिक और पर्यवेक्षक वी.बी. वंजारी सर उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो. सुषमा वासनिक ने धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस वह दिन है जब भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने हिंदू धर्म त्यागकर बौद्ध धर्म अपनाया था।

यह हर साल मुख्य रूप से दीक्षाभूमि नागपुर में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि हर साल अशोक विजयादशमी के दिन, बौद्ध धर्म परिवर्तन का उत्सव मनाने के लिए लाखों लोग दीक्षाभूमि पर एकत्रित होते हैं। अपने भाषण में, प्रो. डॉ. सुधीर अग्रवाल ने बिना किसी हिंसा के अहिंसा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन लाने के दृष्टिकोण से मानव मुक्ति का संदेश दिया और याद दिलाया कि उनके लाखों अनुयायियों ने बौद्ध धर्म स्वीकार किया था। यह मुख्य रूप से नागपुर में दीक्षाभूमि पर मनाया जाता है, लेकिन यह पूरे भारत में भी मनाया जाता है। इस दिन को समानता, करुणा और स्वाभिमान की क्रांति का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने यह बात कही। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि डॉ. एपीजे कलाम के जन्मदिन को पठन प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य पठन संस्कृति को प्रोत्साहित करना और मराठी भाषा को बढ़ावा देना है।



इतना ही नहीं, उन्होंने शिक्षकों और छात्रों को एक पठन आंदोलन विकसित करने का भी आह्वान किया।

कार्यक्रम में अधिकांश शिक्षक और छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. नागपुरे सर ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. मोहिनी घाटे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर अभिषेक शिरसागर और उनकी यमुना ने किया।

# उमरेड नप मतदाता सूची में गड़बड़ियां

**उमरेड.**

उमरेड नगर परिषद चुनाव को लेकर जारी की गई प्रभागनिहाय प्रारूप मतदाता सूची को लेकर शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है. नागरिकों के बीच सूची में कई त्रुटियों और अनियमितताओं को लेकर असंतोष देखा जा रहा है. पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, इस सूची पर आपत्तियां और सुझाव स्वीकार करने की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर तय की गई थी. हालांकि, अब यह अवधि बढ़ाकर 17 अक्टूबर तक कर दी गई है, जिससे संभावित उम्मीदवारों और मतदाताओं को राहत मिली है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उमरेड नप के अंतर्गत प्रभाग क्रमांक 12 से दो सदस्य और प्रभाग क्रमांक 13 से तीन सदस्य चुने जाने हैं. आश्चर्यजनक रूप से, क्षेत्रफल बड़ा होने के बावजूद प्रभाग 13 में मतदाताओं की संख्या प्रभाग 12 से कम बताई जा रही है. इस असंगति को लेकर नागरिकों में सवाल उठ रहे हैं और कई लोग मतदाता सूची में वोट चोरी व धांधली की आशंका जता रहे हैं. शहरवासियों का कहना है कि, अन्य ने प्रभागों की मतदाता सूचियों में भी इसी प्रकार की त्रुटियां पाई जा रही न हैं. इस पर ध्यान देते हुए उमरेड नप के मुख्याधिकारी डॉ. कुलभूषण न रामटेके ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने प्रभाग की मतदाता , सूची में नाम, पता और अन्य विवरणों की जांच 17 अक्टूबर तक , अवश्य करें, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की असुविधा का न सामना न करना पड़े. चुनाव अधिकारी विद्यासागर चौहान के अनुसार, -. निर्धारित समय के बाद उमरेड नप की प्रभागनिहाय अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी. उमरेड के कई प्रभागों में मतदाताओं के नाम ड सूची से गायब होने की शिकायतें सामने आ रही हैं.

# प्रिआंती स्कूल के छात्रों ने राज्यस्तरीय वुशु चैंपियनशिप में लहराया परचम




**कामठी.**

9 से 13 अक्टूबर के दौरान औरंगाबाद विभागीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित हुई राज्य स्तरीय वुशु अजिंक्यपद स्पर्धा में प्रिआंती इंग्लिश स्कूल अँड ज्युनिअर कॉलेज, तरोडी (बु) के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए हैं। छात्रों ने अलग-अलग वजन समूहों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

स्कूल के छात्रों ने जो पदक जीते हैं, उनका विवरण इस प्रकार है: 17 वर्ष से कम आयु वर्ग (लड़के):वेदांत बालपांडे: 65 किलो वर्ग में तृतीय स्थान (कांस्य पदक) तन्मय बर्डे: 56 किलो वर्ग में उत्साहपूर्ण सहभागिता, 19 वर्ष से कम आयु वर्ग (लड़के): सारंग ठाकरे: 60 किलो वर्ग में तृतीय स्थान (कांस्य पदक) रोहित बोकडे: 80 किलो वर्ग में तृतीय स्थान (कांस्य पदक), राहुल पटेल: 90 किलो वर्ग में तृतीय स्थान (कांस्य पदक), छात्रों के इस शानदार प्रदर्शन पर स्कूल की प्राचार्या नंदा ठाकरे ने सभी खिलाड़ियों का हार्दिक अभिनंदन किया और उनके उज्वल भविष्य तथा आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर क्रीड़ा शिक्षक सौरभ बोरकर, रोहन बारापात्रे, और सिद्धांत दानी भी उपस्थित थे, जिन्होंने छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रिआंती इंग्लिश स्कूल अँड ज्युनिअर कॉलेज के वुशु खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर स्कूल का नाम रोशन किया है। जीतने वाले सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बहुत-बहुत बधाई।

# कोंढाली नगर पंचायत को मिली दो करोड़ रुपये विकास निधि

## > विधायक चरणसिंह ठाकुर के प्रयासों को सफलता

**कोंढाली.**

कोंढाली नगर पंचायत के नागरिकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। महाराष्ट्र शासन के नगरविकास विभाग ने “विशिष्ट कार्यों के लिए विशेष अनुदान योजना” के तहत कोंढाली नगर पंचायत को दो करोड़ रुपये की निधि मंजूर की है। यह सफलता विधायक चरणसिंह ठाकुर के लगातार प्रयासों और फॉलो-अप का परिणाम है। शासन निर्णय क्रमांक नपावै-2025/प्र.क्र.150(11)/नवि-16 (ई-1179092) दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को जारी किया गया है।

नगरविकास विभाग के इस निर्णयानुसार नरखेड नगर परिषद को 3 करोड़ रुपये और कोंढाली नगर पंचायत को 2 करोड़ रुपये का विशेष अनुदान दिया गया है। यह निधि नगर



क्षेत्र में सड़कों, नालियों, विद्युत व्यवस्था, सार्वजनिक उपयोगिता भवन और सौंदर्यीकरण जैसी परियोजनाओं पर खर्च की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोंढाली के दो करोड़ रुपये की निधि में से 1.10 करोड़ रुपये साप्ताहिक बाजार में व्यापारी संकुल निर्माण और 90 लाख रुपये समाज भवन निर्माण के लिए आवंटित किए गए हैं। इन दोनों परियोजनाओं के लिए विधायक ठाकुर ने नगरविकास विभाग के समक्ष लगातार प्रयास किए।

विधायक चरणसिंह ठाकुर ने कहा, “यह निधि कोंढाली के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोग में लाई जाएगी। नगर पंचायत द्वारा प्रस्तुत प्राथमिकता सूची के अनुसार प्रथम चरण के कार्य शीघ्र आरंभ होंगे। भविष्य में कोंढाली के लिए और अधिक विकास निधि लाने के प्रयास जारी रहेंगे।”

शासन के निर्देशानुसार स्वीकृत कार्यों का 90 प्रतिशत व्यय राज्य सरकार तथा शेष 10 प्रतिशत नगर पंचायत द्वारा वहन किया जाएगा। सभी कार्य ई-निविदा प्रणाली से और जिलाधिकारी की प्रशासनिक मान्यता के साथ संपन्न होंगे।

इस निर्णय के बाद कोंढाकी शहर में नागरिकों में हर्ष और संतोष का माहौल है। नगर पंचायत के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक विधायक ठाकुर और राज्य शासन का आभार व्यक्त कर रहे हैं।

# कानगांव में ज़िला परिषद और पंचायत समिति उम्मीदवारों की तलाश तेज़

## > साड़ी पहनने वाली महिलाएं, दाढ़ी वाले पुरुषों से कीमती
## > राजनीतिक दल अपनी पत्नियों के लिए मैदान में

**मोझरी.**

आगामी ज़िला परिषद और पंचायत समिति चुनावों को लेकर कानगांव क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियाँ तेज़ हो गई हैं। इस क्षेत्र की ज़िला परिषद सीट सामान्य महिलाओं के लिए आरक्षित होने के कारण कई वरिष्ठ पुरुष नेताओं को निराशा हुई है। हालांकि, कुछ नेताओं ने अपनी पत्नियों के माध्यम से राजनीति को परिवार तक सीमित रखने की रणनीति अपनाई है। इस तरह, दाढ़ी वाले पुरुष साड़ी पहनने वाली उम्मीदवारों की तलाश में जुटे दिखाई दे रहे हैं।

हिंगनघाट तहसील का कानगांव क्षेत्र राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। कई वर्षों तक इस क्षेत्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का दबदबा रहा। एक दशक पहले शिवसेना ने यहाँ अपना प्रभुत्व जमाया, लेकिन बाद में राकांपा ने फिर से कब्ज़ा कर लिया। पिछली बार धनराज तेलंग (राकांपा) ने जीत हासिल की थी।

इस बार सभी राजनीतिक दल जिला परिषद और पंचायत समिति के लिए सक्रिय हैं। राकांपा की ओर से पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष नितिन देशमुख की पत्नी को उम्मीदवार बनाए जाने की संभावना है। वहीं, शिवसेना (उबाठा) से शारदा अनिल दुर्गे और भाजपा से नीलेश उर्फ़ राजू किटकुले की पत्नी के नाम पर चर्चा हो रही है। कांग्रेस फिलहाल कोमा में है, लेकिन हिंगणघाट पंचायत समिति की पूर्व उपसभापति सुवर्णा भोयर के ज़िला परिषद के लिए नाम की संभावना बनी हुई है। पूर्व सरपंच भगवंत भोयर,




जिन्होंने हाल ही में जय श्रीराम का नारा लगाकर शिवसेना (शिंदे) से भाजपा में शामिल हुए, अपनी पत्नी के लिए जुगाड़ में जुटे हैं। इसके अलावा बसपा, वंचित बहुजन आघाड़ी और अन्य दल भी मैदान में सक्रिय हैं।

कानगांव पंचायत समिति क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है, इसलिए सभी दल शिक्षित और योग्य युवाओं की तलाश में हैं। पिछली बार कांग्रेस ने इस क्षेत्र से जीत हासिल की थी। राजू नंदरे (शिवसेना उभाठा) पिछली बार अल्पमत से हार गए थे और इस बार उनका नामांकन संभव है। भाजपा फिलहाल उम्मीदवारों के नाम पर विचार कर रही है, संभव है कि आरपीआई से किसी को अवसर दिया जाए।

खानगाव पंचायत समिति क्षेत्र सामान्य महिला के लिए आरक्षित होने के कारण, दल महिला उम्मीदवारों की खोज में हैं। पूर्व शिवसेना विधायक अमोल गायकवाड़ की पत्नी भाजपा की ओर से टिकट मिलने की संभावना में हैं, जबकि उबाठा से अनिल दुर्गे की पत्नी उम्मीदवार हो सकती हैं। कांग्रेस की ओर से कापशी से सोनाली आशीष शेंडे और मोझरी के सरपंच मंदा राजू धोबे के नाम चर्चा में हैं। राकांपा और कांग्रेस दोनों ही नए, ऊर्जावान और शिक्षित उम्मीदवार तलाश रहे हैं।

हालांकि तस्वीर साफ़ होने में अभी समय लगेगा, लेकिन आगामी चुनावों में महिलाओं की भूमिका और परिवारिक राजनीतिक रणनीति प्रमुख भूमिका निभाते दिखाई दे रहे हैं।

## वर्धा में दुर्घटनाओं को रोकने पुलिस और संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक

**वर्धा.**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय वर्धा में मंगलवार को प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग अधिकारी, समृद्धि राजमार्ग अधिकारी, राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग अधिकारी, पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक सदाशिव वाघमारे, यातायात नियंत्रण शाखा वर्धा, सभी एसडीपीओ अधिकारी और प्रभारी थाना अधिकारी शामिल होकर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु एक संयुक्त बैठक संपन्न की गई।

पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन ने बैठक में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जरूरी है कि उचित स्थानों पर स्पीड ब्रेकर और सूचना बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने सभी से अपील की कि हेल्मेट का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए और इसे अनिवार्य बनाया जाए।

इसके साथ ही उन्होंने शराब पीकर वाहन चलाने पर रोक और नियमित जांच के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने समृद्धि राजमार्ग और अन्य सड़कों पर सूचना बोर्ड लगाने, खराब सड़कों की जल्द मरम्मत कराने, गति सीमा बोर्ड लगाने और स्कूली बच्चों तथा छोटे बच्चों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए और इसके लिए सभी विभाग सक्रिय पहल करें। सरकार द्वारा उन स्वयंसेवी संगठनों को इनाम देने की योजना की जानकारी भी साझा की गई जो घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाते हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सदाशिव वाघमारे ने सभी सहभागी विभागाध्यक्षों का आभार व्यक्त किया। बैठक प्रातः 11:00 बजे शुरू होकर दोपहर 12:30 बजे संपन्न हुई।

## रोटरी क्लब ने ७ विद्यालयों के विद्यार्थियों को वितरित किए 200 'आइडियल स्टडी ऐप'

**हिंगनघाट.** रोटरी क्लब हिंगनघाट ने शिक्षा के डिजिटलरण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 7 विद्यालयों के 200 विद्यार्थियों को "आइडियल स्टडी ऐप" प्रदान किए। यह परियोजना 11 और 13 अक्टूबर को आयोजित की गई। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल शैक्षणिक साधनों से लैस करना और उनकी अध्ययन क्षमता को बढ़ावा देना है। लाभान्वित विद्यालय इस प्रकार हैं: भारत विद्यालय, हिंगनघाट, संजय गांधी स्मृति विद्या मंदिर, हिंगनघाट, संजय गांधी विद्या निकेतन, परडा (पाटी), चौधरी हायस्कूल, वाशी, महात्मा फुले स्कूल, हिंगनघाट, संजय गांधी विद्या विहार, वाणी (छोटी), विकास विद्यालय, हिंगनघाट.

इस परियोजना के संचालक पीपी रोटेरियन माया मिहानी, रोटेरियन विद्या बोभाटे, रोटेरियन हेमंत कुलकर्णी और रोटेरियन उदय भोकरे थे। रोटरी क्लब की इस पहल से कुल 200 विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त हुआ और उन्हें पढ़ाई में डिजिटल साधनों का उपयोग करने का अवसर मिला।

## मादक पदार्थ तस्करी का भंडाफोड़



**हिंगनघाट.**

वर्धा जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए स्थानीय अपराध शाखा ने एक बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में मेफेड्रोन (एम.डी.) तस्करी में संलिप्त 5 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं और करीब ₹0,42,120 मूल्य का मादक पदार्थ जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार, 14 अक्टूबर 2025 को हिंगनघाट शहर में पेट्रोलिंग कर रही टीम को गुप्त सूचना मिली। इसके बाद वैष्णवी नगर, येनोरा माता मंदिर रोड क्षेत्र में जाल बिछाकर निगरानी की गई। इस दौरान महिंद्रा कार में मेफेड्रोन (एम.डी.) की तस्करी करते हुए आरोपी अक्षय विनोद देहणे, सुजीत अशोकराव गावंडे और मोहन हरिभाऊ टिचकुले को पकड़ा गया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि यह मादक पदार्थ निखिल रामनवार और स्वप्नील शर्मा से खरीदा गया था। कार्रवाई में आरोपी से 08.53 ग्राम मेफेड्रोन, कार और मोबाइल फोन समेत कुल 10,42,120 का माल जब्त किया गया। इस मामले में हिंगनघाट पुलिस स्टेशन में एन.डी.पी.एस. कानून के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक सदाशिव वाघमारे के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा, वर्धा के अधिकारी और कर्मचारी - पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी, उपनिरीक्षक सलाम कुरेशी, आरक्षक मनोज धात्रक, अरविंद येनुरकर, रोशन निंबोलकर, महादेव सानप, पवन पन्नासे, रवि पुरोहित, अक्षय राऊत, अभिषेक नाईक, विनोद कापसे और अखिल इंगले की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई अंजाम दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस कार्रवाई से वर्धा जिले में मादक पदार्थ तस्करी की गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगी है।

## राजनीति को दिशा देने वाला युवा चेहरा अश्विन तावाडे,

### >संघर्ष से उभरा जनप्रिय युवा नेतृत्व

**हिंगनघाट.**

राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि समाज के हर पहलु शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आर्थिक-सामाजिक विकास से जुड़ा माध्यम है। यही संदेश हिंगणघाट के युवा नेता अश्विन तावाडे ने अपने राजनीतिक सफर से दिया है।

राजनीति में किसी पारंपरिक पृष्ठभूमि के बिना ही 2019 में अपक्ष (स्वतंत्र) उम्मीदवार के रूप में विधानसभा चुनाव लड़कर अश्विन तावाडे ने यह साबित किया कि संघर्ष और जनता के साथ सम्पर्क सत्तापेक्षा अधिक प्रभावशाली हो सकता है। उनका यह प्रयास सिर्फ हिंगणघाट तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नागपुर तक उनके नाम की गूँज फैली।

समाज सेवा और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा में हमेशा सक्रिय रहे अश्विन तावाडे ने विभिन्न आंदोलनों के माध्यम से अपनी पहचान बनाई। उनके इसी संघर्ष और समाजसेवा को देखते हुए




वंचित बहुजन आघाडी के प्रमुख बालासाहेब आंबेडकर ने 2024 में हिंगणघाट–समुद्रपूर–सिंधी रेल्वे विधानसभा क्षेत्र से उन्हें अधिकृत उम्मीदवार बनाया। इस चुनाव में 12 उम्मीदवार शामिल थे, जिनमें कई अनुभवी नेता और पूर्व विधायक भी थे। इसके बावजूद अश्विन तावाडे ने तीसरा स्थान हासिल किया और वरिष्ठ नेताओं को पीछे छोड़ते हुए यह सिद्ध किया कि जनता से जुड़ाव ही सबसे बड़ा बल है।

अश्विन तावाडे की इस सक्रियता और संघर्ष की प्रेरणा से हिंगणघाट के कई युवा राजनीति में सक्रिय हुए हैं। उनकी निष्ठा और कार्यशैली ने युवाओं में आत्मविश्वास पैदा किया है और अनेकों को राजनीति में उतरने के लिए प्रेरित किया है।

आगामी हिंगणघाट नगरपालिके के चुनावों में नगराध्यक्ष पद महिला आरक्षित होने के कारण सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की नज़र अब अश्विन तावाडे की भूमिका पर है। कांग्रेस, राष्ट्रवादी, शिवसेना, मनसे, भाजपा और स्वतंत्र उम्मीदवार उनके संपर्क में हैं। कहा जा रहा है कि नगराध्यक्ष का चुनाव अब अश्विन तावाडे के समर्थन पर निर्भर करेगा।

संघर्ष, लोकसंपर्क और निष्ठा के बल पर उभरा यह युवा नेता अश्विन तावाडे हिंगनघाट की राजनीति में आने वाली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बन चुका है।

## ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान बढ़ती धोखाधड़ी से नागरिक रहें सतर्क

**वर्धा.**

त्योहारों के मौसम में ऑनलाइन शॉपिंग में तेजी के साथ ही डिजिटल धोखाधड़ी के मामले भी बढ़ रहे हैं। साइबर अपराधी अब लोगों को निशाना बनाने के लिए नए तरीके अपना रहे हैं। इस बढ़ते खतरे के मद्देनज़र नागरिकों को सतर्क रहना बेहद ज़रूरी है। साइबर अपराधी डिलीवरी एजेंट या कूरियर कंपनी के कर्मचारी बनकर लोगों को फ़ोन कर रहे हैं। वे कहते हैं, "आपका डिलीवरी पता स्पष्ट नहीं है" या "आपका पार्सल गलत जगह चला गया है," और समस्या के समाधान के लिए मोबाइल पर एक ख़ास कोड डायल करने के लिए कहते हैं।

इस कोड (जैसे 21401 xxxxxxxxxxxx) को डायल करने से कॉल फ़ॉरवर्डिंग सक्रिय हो जाती है। इसके बाद, आपके मोबाइल पर आने वाली सभी इनकमिंग कॉल, एसएमएस और ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) सीधे धोखेबाज़ के नंबर पर चली जाती है। इसके ज़रिए अपराधी आपका WhatsApp अकाउंट हैक कर लेते हैं और आपके कॉन्टैक्ट्स से पैसे मांगते हैं।

किसी अजनबी के कहने पर कोई भी कोड डायल न करें।

विशेषकर, 21401 XXXXXXXXXX जैसे कोड का इस्तेमाल करके कॉल फ़ॉरवर्डिंग कभी भी सक्रिय न करें।

डिलीवरी से जुड़ी समस्या होने पर, केवल अधिकृत कूरियर कंपनी के कस्टमर केयर से संपर्क करें।

ओटीपी किसी के साथ भी साझा न करें, चाहे वह बैंक अधिकारी या कूरियर कंपनी का कर्मचारी होने का दावा क्यों न करे।

अपने मोबाइल की कॉल फ़ॉरवर्डिंग सेटिंग जांचें और यदि सक्रिय हो तो उसे तुरंत बंद करें।

यदि आपके साथ धोखाधड़ी हुई है, तो तुरंत साइबर सेल या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

साइबर अपराधियों से सतर्क रहना और सावधानी बरतना ही इस प्रकार की धोखाधड़ी से बचने का सबसे सुरक्षित तरीका है।

## नकली सोना–चांदी से 1.11 करोड़ की ठगी का भंडाफोड़

### > पुलिस ने जब्त किए 61 लाख के असली गहने

**अकोला.**

पुलिस स्टेशन ने एक बड़े ठगी मामले का खुलासा करते हुए आरोपी गिरोह से 514.720 ग्राम असली सोने के गहने बरामद किए, जिनकी कीमत लगभग 61,76,520 है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अर्चित चांडक के मार्गदर्शन में की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि अमोल मनोहर नेरकर, मनोहर शालीकराम नेरकर और नितेश गुणवंत महल्ले ने समय-समय पर नकली सोने के गहने (कुल 1,641.52 ग्राम) और 35 किलो नकली चांदी असली बताकर बेच दिए। इस तरह से उन्होंने लगभग 1,11,12,933 की ठगी की।

शिकायत के आधार पर रामदासपेठ पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस को गोपनीय सूचना मिली और उसके बाद मुख्य आरोपी अमोल नेरकर, मनोहर नेरकर, नितेश महल्ले तथा उनके साथी प्रेम हरीनारायण गावंडे को गिरफ्तार किया गया।



पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ठगी से प्राप्त धन से उन्होंने असली सोने के गहने बनवाए और उन्हें अकोला, तेल्हारा, नांदुरा, खामगांव और बुलढाणा के ज्वेलर्स के पास गिरवी रखा। इसके बाद पुलिस दल ने पंचों की मौजूदगी में इन दुकानों पर छापेमारी कर 514.720 ग्राम सोना जब्त किया। शेष सोना और चांदी अन्य सर्राफा व्यापारियों और गलाई कामगारों से जब्त करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस के अनुसार इस मामले में और भी व्यापारी या सहयोगी आरोपी सामने आने की संभावना है। विस्तृत जांच रामदासपेठ पुलिस कर रही है। इस कार्रवाई में अपर पुलिस अधीक्षक बी. चंद्रकांत रेड्डी, उपविभागीय पुलिस अधिकारी (शहर विभाग) सुदर्शन पाटील के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक शिरीष खंडारे, पो.उप.नि. प्रदीप जोगदंड, पो.ह.वा. किरण गवई, पो.का. श्याम मोहळे, पो.का. ईमाम चौधरी, पो.का. अनिल धनभर, पो.का. अभिजीत इंगळे, पो.का. प्रेम नांदोकार, महिला पो.का. माधुरी लाहोळे, महिला पो.का. प्रियंका बागडे और चालक सुरेंद्र खंडारे की विशेष भूमिका रही।

## आर्वी में नेत्रहीन, अपंग और मूक–बधिर पदों को भरने का निवेदन

**आर्वी.**



ऑल इंडिया शास्त्री सोशल फोरम और डॉ. हेलन केयर अंध और अपंग बहुउद्देशीय संस्था, महाराष्ट्र की ओर से आर्वी शहर के विधायक सुमीत वानखेडे को एक विशेष निवेदन सौंपा गया। इस निवेदन का उद्देश्य सरकारी सेवाओं में नेत्रहीन, अपंग और मूकबधिर लोगों के लंबे समय से खाली पड़े पदों को तुरंत भरना था। जिलाधिकारी वर्धा कार्यालय के विभिन्न विभागों में इन विशेष समूहों के लिए पद कई वर्षों से खाली पड़े हैं। विधायक सुमीत वानखेडे ने इस मुद्दे पर जिलाधिकारी से चर्चा की और रिक्त पदों को भरने के लिए त्वरित कार्रवाई करने तथा इस मामले पर स्वयं नजर रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ऑल इंडिया शास्त्री सोशल फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और डॉ. हेलन केयर संस्था के सलाहकार इमरान राही, संस्था के सचिव प्रकाश सिंग बावरी, अध्यक्ष कृष्ण दहाट, प्रल्हाद भिवगड़े, पद्मा पाकपाजन, वासुदेव सलामे, ओंकार मेहकरे, लता नागोसे, सैय्यद फारूख, माला नरांजे, योजना राऊत, अनिता चौधरी, वनिता मोतेवार, श्यामसुंदर राठी, एडवोकेट असद खान, एडवोकेट इब्राहिम बख्श आजाद सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संगठन ने उम्मीद जताई कि विधायक और प्रशासन इस मुद्दे को प्राथमिकता देंगे और शैक्षणिक एवं सरकारी क्षेत्रों में विशेष योग्यताओं वाले लोगों के लिए रिक्त पद जल्द से जल्द भरे जाएंगे।

## सांसद अमर काले ने वर्धा में शिरडी साईं बाबा की असली पादुकाओं के दर्शन किये

**वर्धा.**

वर्धा शहर में शिरडी साईं बाबा की असली पादुकाओं के आगमन से भक्तों में भक्ति की लहर दौड़ गई। इस पावन अवसर पर सांसद अमर काले साईं मंदिर पहुंचे और पादुकाओं का दर्शन कर भक्तों के साथ अपनी श्रद्धा साझा की।

दर्शन के दौरान सांसद ने साईं बाबा के चरणों में विनम्र श्रद्धा सुमन अर्पित किए और वर्धावासियों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने मंदिर परिसर में मंदिर समिति के पदाधिकारियों से चर्चा की और भक्तों



की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। शिरडी साईं बाबा की पादुकाओं की पालकी यात्रा वंजारी चौक से साईं मंदिर तक निकाली गई, जिसमें हजारों भक्तों ने जय जय साईं राम के जयघोष और ढोल-नगाड़ों की थाप के बीच उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सांसद अमर काले ने कहा, "साईं बाबा के दर्शन आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराते हैं। साईं भक्ति के माध्यम से वर्धा में भक्ति का वातावरण निर्मित हो रहा है, यही सच्ची प्रेरणा है।"

इस अवसर पर सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक पादुकाओं के दर्शन की व्यवस्था की गई, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया। साईं मंदिर संस्थान ने भक्तों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए और दर्शन सुचारू रूप से संपन्न हुए। भक्तों ने बताया कि इस अवसर पर वर्धा स्थित साईं मंदिर ने शिरडी साईं मंदिर का रूप धारण कर लिया है और वातावरण पूर्ण रूप से भक्ति से ओत-प्रोत हो गया।

## ज़िला परिषद और पंचायत समिति चुनावः आरक्षण अधिसूचना जारी

**मोझरी.**

आगामी 2025 के ज़िला परिषद और पंचायत समिति के आम चुनावों के लिए आरक्षण अधिसूचना जारी कर दी गई है। लॉटरी के माध्यम से निर्धारित किए गए आरक्षण प्रारूप पर यदि नागरिकों को कोई आपत्ति या सुझाव हैं, तो वे 17 अक्टूबर तक ज़िला कलेक्टर कार्यालय या संबंधित तहसील कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। ज़िला परिषद सदस्य पदों के लिए आरक्षण की सूची ज़िला कलेक्टर कार्यालय में और पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए संबंधित तहसील कार्यालय में तैयार की गई है। अधिसूचना दोनों कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी प्रकाशित कर दी गई है। ज़िला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत चुनाव के प्रभारी अधिकारी एवं उपज़िलाधिकारी श्रीपति मोरे ने नागरिकों से अपील की है कि वे आरक्षण से संबंधित आपत्तियाँ और सुझाव निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रस्तुत करें।

# दिवाली पर सोना चांदी के ग्राहकों का रुझान स्थानीय व्यापारियों की ओर

## > हिंगनघाट के सर्राफा व्यापारी शुद्धता पर दृढ़, व्यवहार में ईमानदार

**हिंगनघाट.**

दिवाली का त्योहार यानी उजाले, खुशी और नए संकल्पों का उत्सव। इस त्योहार की शुरुआत होती है धनतेरस से — जिस दिन सोना, चांदी, तांबा जैसी कीमती धातुओं की खरीद को शुभ माना जाता है। ऐसे शुभ पर्व पर हिंगणघाट शहर में भी सोने-चांदी की खरीदारी बड़े उत्साह से होती है। मगर इस बार नागरिकों का रुझान भड़कीले बड़े शोरूम्स की बजाय अपने स्थानीय छोटे सर्राफा व्यापारियों की ओर बढ़ता नजर आ रहा है।

हिंगनघाट का सर्राफा बाजार विश्वास की एक परंपरा है। दशकों से चले आ रहे ये पारंपरिक व्यापारी अपने ग्राहकों के साथ नाता और भरोसा कायम रखे हुए हैं।

कई ग्राहक कहते हैं "बड़े शहरों के पंचतारांकित, चमकदार शोरूम भले ही आकर्षक लगें, लेकिन भरोसा तो सिर्फ अपने स्थानीय सर्राफा पर ही होता है।" यही सच्चाई है! क्योंकि हिंगनघाट के सर्राफा व्यापारी शुद्धता पर दृढ़, व्यवहार में ईमानदार और ग्राहक को अपना मानने वाले हैं।





आज के डिजिटल युग में बड़े ब्रांडेड ज्वेलर्स बड़े-बड़े दावे और आकर्षक योजनाएं लेकर ग्राहकों को लुभाने की कोशिश करते हैं। लेकिन उन चमकदार विज्ञापनों के पीछे छिपे नियम और शर्तें आम ग्राहक को शायद ही कभी समझ में आते हैं। ऐसे समय में अपने शहर का छोटा सर्राफा व्यापारी सरल भाषा में, पूरी ईमानदारी से ग्राहकों को लेन-देन की हर जानकारी समझाता है यही उसके व्यवसाय की असली ताकत है। गरीब या मध्यमवर्गीय ग्राहक शादी, नामकरण या त्योहारों के अवसर पर थोड़ा-थोड़ा सोना खरीदते हैं। ऐसे समय में छोटे सर्राफा व्यापारी ही उनकी मदद के लिए खड़े रहते हैं। कई बार वे ग्राहकों को किस्तों में सोना खरीदने की सुविधा देते हैं, जिससे उनके सपनों को पूरा करने में मदद मिलती है।

### 'अपने स्थानीय और पारंपरिक सर्राफा से ही खरीदें'

यह सिर्फ एक भावनात्मक संदेश नहीं, बल्कि आर्थिक श्रृंखला का महत्वपूर्ण कड़ी है। क्योंकि स्थानीय व्यापार से घूमने वाला पैसा अपने ही शहर में रहता है, जिससे अन्य व्यापारियों, कारीगरों और कामगारों को भी लाभ होता है। इस वर्ष की धनतेरस पर हिंगनघाटवासियों से यही अपील है कि वे अपने स्थानीय छोटे सर्राफा व्यापारियों का सम्मान बनाए रखें। शुद्धता, विश्वास और अपनापन — इन तीन स्वर्णमंत्रों पर खड़ा हिंगनघाट का सर्राफा बाजार इस दिवाली पर भी रोशन रहेगा, इसमें कोई शक नहीं!

## अदालती आदेशों के बावजूद निजी स्कूल आरटीई प्रतिपूर्ति से वंचित, वित्तीय संकट में स्कूल

**वर्धा.**

राज्य सरकार के आदेश और उच्च न्यायालय के फैसले के बावजूद, निजी स्कूल अब भी शिक्षा के अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों की प्रतिपूर्ति से वंचित हैं। मामला वर्ष 2024 का है, जब राज्य सरकार ने 9 फरवरी को अधिसूचना जारी कर निजी, गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों को आरटीई प्रवेश प्रक्रिया से बाहर कर दिया था। इस फैसले का अभिभावकों ने कड़ा विरोध किया। बाद में स्कूलों ने इस निर्णय को अदालत में चुनौती दी और बॉम्बे उच्च न्यायालय ने सरकारी आदेश को रद्द कर दिया, जिससे राज्य के लाखों बच्चों को निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर मुफ्त प्रवेश का मार्ग खुल गया। हालांकि, सरकार ने 2017 से निजी स्कूलों को आरटीई प्रवेश शुल्क की प्रतिपूर्ति नहीं की है। पिछले छह वर्षों में यह राशि करीब 2,400 करोड़ रुपये तक पहुँच गई है। अदालत में अपील करने वाले



स्कूलों को उच्च न्यायालय ने तीन सप्ताह के भीतर मुआवज़े का भुगतान करने का आदेश दिया और उन्हें राशि मिल गई, लेकिन जिन स्कूलों ने अदालत में अपील नहीं की, वे अब भी मुआवज़ा पाने से वंचित हैं। पंडित शंकर प्रसादजी अग्निहोत्री ने कहा कि कानून के समक्ष समान न्याय के सिद्धांत के तहत, सरकार को सभी स्कूलों को समान अधिकार देना चाहिए और आरटीई मुआवज़ा तुरंत प्रदान करना चाहिए। साथ ही, सरकार ने हाल ही में सीबीएसई स्कूलों के लिए नई नीति लागू की है, जिसके तहत अब हर तीन साल में मान्यता लेने के लिए 1.5 लाख रुपये शुल्क देना होगा। इससे स्कूलों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा। इस पर पंडित अग्निहोत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि इस निर्णय को स्थगित किया जाए और सभी स्कूलों को आरटीई रिफंड राशि का तुरंत भुगतान किया जाए।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### लीलाबाई हरोड़े



**नागपुर.** शांतिनगर निवासी श्रीमती लीलाबाई मधुकर हरोड़े (आयु 75 वर्ष) का दिनांक 15 अक्टूबर को प्रातः लगभग 9:30 बजे दुखद निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उसी दिन शाम 4:30 बजे उनके निवास स्थान शांतिनगर, नागपुर से निकलकर शांतिनगर घाट पर संपन्न हुई।

# तेंदुओं का आतंक: सुकली खैरी गांव में ग्रामीणों में डर और बेचैनी

**गोंदिया.**



अर्जुनी मोरगांव तहसील के सुकली खैरी गांव और आसपास के इलाके में तेंदुओं के हमलों से ग्रामीण दहशत में हैं। रात के समय तेंदुया गांव की सीमा में घुसकर घरों के आंगन में रखी मुर्गियों को उठा ले जा रहा है, वहीं कई बार किसानों और ग्रामीणों पर भी हमला हो चुका है। इससे लोगों की रातों की नींद हराम हो गई है और वे अंधेरा होते ही अपने घरों के दरवाजे बंद कर लेते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ अब गांव की सड़कों और खेतों के किनारे भी देखा जा रहा है, जिससे बाहर निकलना बेहद खतरनाक हो गया है। जानवरों को सुरक्षित जगहों पर बांधने के बावजूद तेंदुआ उत्पात मचा रहा है। इस बीच वन विभाग की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति गुस्सा बढ़ता जा रहा है। शिकायतों के बावजूद न तो पिंजरे लगाए गए हैं और न ही रात्रि गश्त बढ़ाई गई है। ग्रामीण वन विभाग से तेंदुओं को पकड़ने के लिए तुरंत पिंजरे लगाने, रात्रि गश्त बढ़ाने और खतरे वाले इलाकों पर विशेष नजर रखने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का चेतावनी भरा कहना है कि यदि तेंदुओं के इस आतंक को रोका नहीं गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन एवं वन विभाग से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# जानलेवा सड़क व गड्ढे दे रहे दुर्घटनाओं को आमंत्रण

## गोंदिया जिला व्यापारी चेरिटेबल एसो. करेगा मुक्ति आंदोलन

**गोंदिया.**



शहर के हृदय स्थल गोरेलाल चौक में 2 बड़े खतरनाक गड्ढे तथा इसरका मार्केट के सामने 2 जानलेवा गड्ढे महीनों से है, जो हर पल दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे है. इन समस्याओं को लेकर अनेक शिकायतें नगर परिषद मुख्याधिकारी संदीप बोरकर व अभियंता जाधव से करने के बाद भी किसी भी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है. निकट आ रहे निकाय चुनाव के भावी उम्मीदवारों ने इस समस्या के समाधान के लिए कोई पहल नही की है. अब और किसी गंभीर दुर्घटना या मौत का इंतजार न करते हुए शहर के व्यापारियों व नागरिकों की समस्यायों के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध "गोंदिया जिला व्यापारी चेरिटेबल एसोसिएशन ने संबंधितों को चेतावनी दी है कि यदि इनके द्वारा 18 अक्टूबर के पूर्व गोरेलाल चौक पर कब्जा किए हुए 2 भयानक गड्ढे व इसरका मार्केट के सामने के 2 जानलेवा गड्ढोंय का पूर्ण रूप से सुधार नही किया गया तो तुरंत ही मृतप्रायः नगरप रिषद के खिलाफ "चंदा /भीख मांगकर रास्ता सुधारो आंदोलन" करके, एकत्रित धनराशि तथा संस्था के रुपयों से उक्त जानलेवा रास्ते व गड्ढों का सुधार करेगी. अतः एसोसिएशन ने सभी व्यापारी व नागरिकों से इस कमरतोड़ू जानलेवा सड़क व गड्ढों से मुक्ति आंदोलन में शामिल होने की अपील की है. हम टैक्स देते है, शहर के विकास व नागरिकों की सुविधा के लिए नागरिकों द्वारा टैक्स अदा किया जाता है. ना कि अपनी जान हथेली पर लेकर सड़कों पर व गड्ढों के शहर में जान जोखिम में डालने के लिए.

# बंडू कापसे भाजपा से प्रबल दावेदार

**कामठी.**



आगामी पंचायत समिति चुनावों के लिए, खैरी ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच, सरपंच परिषद संगठना विदर्भ कार्याध्यक्ष बंडू कापसे, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से प्रबल दावेदार के रूप में सामने आए हैं। क्षेत्र की जनता ने उनके बेहतरीन जनसेवा के रिकॉर्ड को देखते हुए, उन्हें पंचायत समिति सदस्य पद के लिए आधिकारिक टिकट दिए जाने की पुरजोर मांग की है।

खैरी ग्राम पंचायत में सरपंच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, बंडू कापसे ने जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने विशेष रूप से स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा और कृषि संबंधी महत्वपूर्ण सेवाओं को लेकर अभूतपूर्व सक्रियता दिखाई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे इन आवश्यक सेवाओं के लिए "हर पल उपलब्ध" रहते थे, जिस कारण वे जनता के बीच अत्यंत लोकप्रिय हैं। उनका मिलनसार और हंसमुख स्वभाव उनकी लोकप्रियता का एक और मुख्य कारण है। बंडू कापसे की दावेदारी को पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे से उनकी नजदीकी और भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में उनकी निष्ठा से और बल मिला है। उनके जनसेवा के अटूट ट्रैक रिकॉर्ड और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए, बड़ी संख्या में लोगों ने एकजुट होकर पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया है कि उन्हें पंचायत समिति सदस्य पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया जाए। स्थानीय निवासियों का दृढ़ विश्वास है कि बंडू कापसे के नेतृत्व में पंचायत समिति क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी और उनकी सक्रियता से लोगों की समस्याओं का समाधान तेजी से हो सकेगा। अब सबकी निगाहें भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर टिकी हैं, जो जल्द ही इस संबंध में कोई अंतिम फैसला ले सकता है।

# पोटा-चनकापूर ग्राम पंचायत बरखास्त

## विभाजन के बाद दोनों ग्राम पंचायतों पर प्रशासक नियुक्त

**खापरखेडा.**

सावनेर तालुका की पोटा चनकापूर ग्राम पंचायत को आखिरकार बरखास्त कर दिया गया है। ग्राम विकास मंत्रालय की मंजूरी के बाद पोटा और चनकापूर नाम की दो अलग और स्वतंत्र ग्राम पंचायतें अस्तित्व में आ गई हैं। इस विभाजन के मद्देनजर, दोनों ग्राम पंचायतों का कामकाज सुचारु रूप से चलाने के लिए, गट विकास अधिकारी मनोजकुमार हिरुळकर ने 13 अक्टूबर को तुरंत प्रशासकों की नियुक्ति कर दी है।

पिछले कई महीनों से पोटा और चनकापूर ग्राम पंचायत के विभाजन का प्रस्ताव ग्राम विकास मंत्रालय में लंबित था। इस कारण भाजपा ओबीसी आघाडी के जिला महामंत्री विलास महल्ले ने ग्राम विकास मंत्रालय में आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन विभाजन के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिली। अंततः, विलास महल्ले ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने 8 अगस्त को चनकापूर और पोटा ग्राम पंचायत के विभाजन का आदेश दिया। पोटा चनकापूर ग्राम पंचायत पर केदार गट की सत्ता है। इस ग्राम पंचायत का कार्यकाल फरवरी 2026 में समाप्त होने वाला था। लेकिन जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव निकट होने के कारण, दोनों ग्राम पंचायतों पर प्रशासकों की नियुक्ति होने से राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। पोटा और चनकापूर ग्राम पंचायत का प्रशासनिक कामकाज सुचारु रूप से जारी रखने के लिए गट विकास अधिकारी मनोजकुमार हिरुळकर ने तुरंत पोटा ग्राम पंचायत में विस्तार अधिकारी गुलाम जमीर गुलाम सा मदानी और चनकापूर ग्राम पंचायत में विस्तार अधिकारी संदीप झुलाटे को प्रशासक के रूप में नियुक्त किया है।

### दोनों ग्राम पंचायतों की जनसंख्या ऐसी होगी

पोटा चनकापूर ग्राम पंचायत की संयुक्त जनसंख्या 13 हजार 851 थी। दोनों ग्राम पंचायतों के विभाजन के बाद, चनकापूर ग्राम पंचायत की जनसंख्या 12 हजार 077 होगी, जबकि पोटा ग्राम पंचायत की जनसंख्या 1 हजार 774 रहेगी। 6 मार्च को विभागीय आयुक्त डॉ. माधवी खोडे ने पोटा चनकापूर ग्राम पंचायत के विभाजन का प्रस्ताव उप-सचिव, ग्राम विकास मंत्रालय को प्रस्तुत किया था। अंततः, ग्राम विकास मंत्रालय द्वारा विभाजन के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद चनकापूर नई ग्राम पंचायत अस्तित्व में आ गई है।

# 30 सितंबर तक के आंकड़े

# बेमौसम बारिश से हुए नुकसान का पंचनामा शुरू




**गोंदिया.**

कृषि और राजस्व विभाग के सर्वेक्षण में जिले में अतिवृष्टि और बेमौसम बारिश से 2,961 हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की फसल को नुकसान पहुंचने की पुष्टि हुई है। इस नुकसान की अंतिम रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजने की प्रक्रिया जारी है। साथ ही, अक्टूबर महीने में हुई बेमौसम बारिश से हुए नुकसान का पंचनामा भी तैयार किया जा रहा है, जिसे शीघ्र ही सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा। सरकार ने अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों के लिए 3,262 करोड़ रुपये के सहायता पैकेज की घोषणा की है। इस पैकेज के तहत फसलों को पूर्ण रूप से प्रभावित और आंशिक रूप से प्रभावित क्षेत्रों के आधार पर मुआवजा दिया जाएगा। जिले की देवरी तहसील को पूर्ण रूप से प्रभावित क्षेत्र घोषित किया गया है, जबकि आंशिक रूप से प्रभावित तहसीलों में अर्जुनी मोरगांव, गोंदिया, तिरोड़ा, सड़क अर्जुनी और गोरेगांव शामिल हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जिले के आठों तहसीलों में 30 सितंबर तक हुई भारी और वापसी की बारिश से कुल 2,961 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फसलों को नुकसान हुआ है। इस रिपोर्ट की अंतिम प्रक्रिया जारी है, जिसके बाद मुआवजा राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा की जाएगी।

**पूर्ण रूप से प्रभावित देवरी तहसील:** देवरी तहसील को पूर्ण रूप से प्रभावित घोषित किए जाने का कारण यहाँ राजस्व मंडलों में 65 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज होना है। 65 मिमी से अधिक वर्षा को अतिवृष्टि माना जाता है, इसलिए देवरी तहसील को इस श्रेणी में रखा गया है।

**किसानों से अपील:** जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी नीलेश कानवड़े ने किसानों से अपील की है कि जिनकी धान की फसल बेमौसम बारिश के कारण नुकसानग्रस्त हुई है, वे तुरंत अपने नजदीकी तहसील कृषि अधिकारी कार्यालय या कृषि सहायक से संपर्क कर अपनी नुकसान की जानकारी दें, ताकि उचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। सरकार एवं संबंधित विभाग इस मामले में त्वरित कार्रवाई कर किसानों की सहायता सुनिश्चित कर रहे हैं।

# गोंडवाना पार्टी नप में फहराएगी परचम गणेश पाटील का ऐलान



**कामठी.** ये गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने आगामी कामठी नगर परिषद चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंकने का ऐलान कर दिया है। महाराष्ट्र प्रदेश गोंडवाना गणतंत्र पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश व समाजसेवी अध्यक्ष गणेश पाटील ने घोषणा की है कि पार्टी नगर परिषद अध्यक्ष पद के साथ-साथ सभी प्रभागों से पार्षद पद के लिए भी अपने उम्मीदवार उतारेगी और नगर परिषद में अपना परचम लहराएगी। गणेश पाटील ने स्पष्ट किया कि इस चुनाव में जीत हासिल करने के बाद उनकी प्राथमिकता नगर प्रशासन के जनहितार्थ और प्रशासनिक कार्यों को तेज़ी से हल कराना होगी। उनका कहना था कि जनता की समस्याओं को दूर करने और नगर के विकास को गति देने के उद्देश्य से ही गोंडवाना गणतंत्र पार्टी चुनाव मैदान में उतर रही है। गणेश पाटील के इस ऐलान से स्थानीय राजनीति में हलचल मच गई है, क्योंकि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि वह पूरी तैयारी के साथ चुनाव में उतर रही है और नगर परिषद की सत्ता में भागीदारी के लिए प्रतिबद्ध है। अब देखना यह है कि यह घोषणा चुनाव में पार्टी को कितना लाभ दिला पाती है।

# श्री गणेश वाचनालय में राष्ट्रीय वाचन प्रेरणा दिन कार्यक्रम संपन्न



**सावनेर.**

15 अक्टूबर भारत रत्न और पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम कि जन्म जयंती को राष्ट्रीय वाचन प्रेरणा दिन के रूप में मनाया जाता है इस उपलक्ष्य में सावनेर स्थित गणेश वाचनालय में वाचन प्रेरणा दिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नप मुख्याधिकारी श्रीमती जूही अर्शी ने विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षा कि तैयारी कर रहे वाचक को संबोधित करते हुये बताया कि एपीजी अब्दुल कलाम ने जिस तरह आर्थिक तंगी और पारिवारिक जवाबदारी को सफलता में बांधा नही मानी उलटा विपरीत परिस्थिति से सबक लेकर अपना ध्येय पूर्ण किया इससे हमें सीखने मिलती है कि पारिवारिक जवाबदारी और आर्थिक तंगी स्वप्न पूर्ति में बांधा नही बन सकती, इसी कार्यक्रम के दौरान संस्था के अध्यक्ष एड चंद्रशेखर बरेठिया इन्होंने वाचक विद्यर्थी को हमेशा प्रयत्नशील रहने का सुझाव दिया, कार्यक्रम का सूत्र संचालन सचिव एड. भूपेंद्र पूरे ने प्रस्तावना कु. संगीता ढ़वळे किया एवम आभार प्रशांत जामदार ने माना, इस दौरान पूर्व नगराध्यक्ष अरविंद लोधी, पूर्व नगर सेवक विनोद जैन, सचिन उईके, सह पांडुरंग भोंगाड़े उपाध्यक्ष रघुनंदन जामदार समेत संस्था के कर्मचारी अजय अलघरे, नितिन पूरे, वाचक विद्यार्थी राहुल तागड़े, कु. दिव्या मदनकर,कु. समरी जोगी इत्यादि सह अनेक मान्यवर उपस्थित थे।

# डव्वा की सरपंच पर अविश्वास प्रस्ताव से हंगामा

## > सरपंच चौधरी के समर्थन में ग्रामीणों का आक्रोश

**गोंदिया.**




तहसील के डव्वा गांव में 14 अक्टूबर को सरपंच योगेश्वरी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। ग्राम पंचायत कार्यालय में तहसीलदार इंद्रायणी गोमासे की उपस्थिति में चली बैठक के दौरान कुछ सदस्यों ने सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया, जिससे माहौल गर्मा गया। सरपंच चौधरी के समर्थन में बड़ी संख्या में ग्रामीण भी पहुंच गए और अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले सदस्यों पर धक्का-मुक्की व शोर शराबा करने लगे। झड़प बढ़ने पर पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मी और ग्रामीण घायल हो गए हैं। उपविभागीय पुलिस अधिकारी विवेक पाटिल, पुलिस निरीक्षक गणेश नवारे और नवेगांवबांध की योगिता चाफले समेत बड़ी पुलिस फोर्स ने मौके पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की।

आदर्श गांव के नाम से मशहूर डव्वा में इस हिंसक घटना ने प्रशासन की नींद उड़ा दी है। महिला सरपंच योगेश्वरी चौधरी ने गांव में कई विकास योजनाएं लागू की हैं, लेकिन राजनीतिक संघर्ष के कारण गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया है। फिलहाल, गांव में तनावपूर्ण शांति है और पुलिस सुरक्षा सख्त कर दी गई है। प्रशासन मामले की गंभीरता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कह रहा है।

# अनिरुद्ध तिवारी भाजपा मानकापुर वार्ड अध्यक्ष नियुक्त



**नागपुर.** नगर में भाजपा मानकापुर वार्ड के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने मंडल अध्यक्ष अमर खोड़े द्वारा अनिरुद्ध तिवारी को तीसरी बार वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत-सत्कार किया। इस अवसर पर सुधीर कपूर, संजय रेड्डी, सुनंदा सातपुते, शीला चक्रवर्ती, बबलू बक्सरिया, सुमित पांडे, दुर्गेश साठे, अजय, शुभांगी ताई कविता सहित सभी वार्ड के पदाधिकारियों ने अनिरुद्ध तिवारी को बधाई और अभिनंदन दिया। अनिरुद्ध तिवारी ने इस सम्मान के लिए अपने वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

# महल के इलेक्ट्रिक दुकान में चोरी

## 11 लाख की नकदी- सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर ले उड़े चोर



**नागपुर.** शहर के कोतवाली परिसर के गांधी गेट के पास स्थित एक इलेक्ट्रिक दुकान में सेंध लगाकर अज्ञात चोरों ने 11 लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। चोरों ने दुकान की छत के रास्ते अंदर घुसकर नकदी के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी ले गए, ताकि उनकी पहचान न हो सके। चोरी की इस घटना ने इलाके के व्यापारियों में दहशत फैला दी है।

मिली जानकारी के अनुसार महल इलाके के गांधी गेट के पास माधव इलेक्ट्रिक नामक दुकान के मालिक मनोज कुमार बिसेन दास खत्री(56) तुलसी बाग, नाईक रोड निवासी ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10:30 बजे उन्होंने दुकान बंद कर घर चले गए थे।

बुधवार सुबह जब वे दुकान खोलने पहुंचे, तो देखा कि दुकान के तिजोरी में रखी नकदी से भरी बैग गायब थी। उन्होंने तुरंत कोतवाली पुलिस को इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच में पता चला कि चोर दुकान की छत के रास्ते अंदर घुसे। उन्होंने न केवल 11 लाख रुपये की नकदी लूटी, बल्कि सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी हटा दिया, ताकि उनके कदमों का कोई सबूत न बचे। हैरानी की बात यह है कि चोरों ने दुकान में रखे बिजली के अन्य सामान को बिल्कुल भी नहीं छुआ, जिससे जाहिर होता है कि उनका इरादा सिर्फ नकदी चोरी करना था। बीच बाजार में हुई इस चोरी ने आसपास के व्यापारियों में बेचैनी फैला दी है। उनका कहना है कि अगर चोरों ने इतनी व्यस्त जगह पर इतनी बड़ी चोरी की है, तो यह सुरक्षा व्यवस्था पर एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। कोतवाली पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके।

# भाजपा नेताओं के बीच संगठन सशक्तिकरण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक



**सौंसर.** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सरकार में पूर्व राज्यमंत्री रहे नानाभाऊ मोहोड़ ने बुधवार को नई दिल्ली में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय जोशी से सौजन्य भेंट की।

भेंट के दौरान पांढुरना जिले में संगठन की गतिविधियों और पार्टी के सशक्तीकरण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। श्री मोहोड़ ने क्षेत्र में पार्टी के विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनसंपर्क अभियानों की जानकारी संजय जोशी को दी। साथ ही प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनता तक पहुंचाने के प्रयासों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

इस अवसर पर छिंदवाड़ा जिले के पूर्व भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार एवं तहसील प्रेस क्लब अध्यक्ष पुरुषोत्तम पोतरे सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। बहरहाल इस भेंट को पार्टी के संगठनात्मक संवाद को मजबूत करने और क्षेत्रीय गतिविधियों को दिशा देने के रूप में देखा जा रहा है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 238-3 | 270-9 |
| श्रीदेवी नाईट | 389-0 | 368-7 |

# घुग्घुस पुलिस की बड़ी सफलता:

## गोवध गिरोह का खात्मा, 3 गिरफ्तार, 13 गायों की रिहाई

**घुग्घुस.**



गुप्त सूचना के आधार पर घुग्घुस पुलिस ने पीपरी-धानोरा मार्ग पर धानोरा पुल के पास नाकाबंदी कर गोवध के उद्देश्य से 13 गायों की तस्करी कर रहे पिकअप वाहन को पकड़ लिया। वाहन नंबर MH 49 AT 0360 में मोटे रस्सियों से बंधी गायों की अवैध ढुलाई चल रही थी।

कुल 5 लाख 60 हजार रुपये का माल जब्त कर तीनों को हिरासत में लिया गया है। अरेस्ट आरोपी: 1. शेख रियाज अहमद हुसैन (उम्र 34), 2. शेख फिरोजुद्दीन शेख फहमुद्दीन (उम्र 26), 3. आशिष गुलाब पाटील (उम्र 29), सभी निवासी बल्लारशाह, चंद्रपुर. अपराध दर्ज: घुग्घुस पुलिस स्टेशन में अ.प्र. 202/2025 के तहत धारा 5अ(1), 9, 11 (महाराष्ट्र पशु संरक्षण अधिनियम 1976), धारा 11(1), 11(1)(ज), 11(1)(डी), 11(1)(सी), 11(1)(जे) (प्राणियों को छल प्रतिबंधक अधिनियम 1960), धारा 325 भा. द.से. और धारा 177 MV एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। कार्रवाई का विवरण: सुबह 8:30 बजे गुप्त मुखबिर से सूचना मिलते ही नाकाबंदी की गई।

वाहन की क्षमता न होने पर भी गायों की क्रूर ढुलाई हो रही थी। यह कार्रवाई मान. पो. नि. प्रकाश राउत के मार्गदर्शन में स.पो. नि. सचिन तायवाड़े, पो. अप. नि. गणेश अनभुले, सहा. फौजदार विनोद लोखंडे, पो. हवा. अनिल बैठा, पो. अंमलदार सचिन वासाडे, म. पो. प्रसंजीत डोरलीकर और म. पो. हवा. प्रणाली जांभूळकर की टीम ने सफलतापूर्वक की। इस मामले से गोवध विरोधी कानून की कठोर अमल की संकेत मिले हैं, तथा पशु संरक्षण के लिए पुलिस का दृढ़ संकल्प झलकता है।

# गरबे में नाचने को लेकर विवाद

**नागपुर.** गरबा डांस को लेकर हुए विवाद ने इतना विकराल रूप ले लिया कि एक युवक को चार लोगों ने मिलकर डंडों से पीटकर जख्मी कर दिया। यह घटना एमआईडीसी के अमर नगर इलाके में 12 अक्टूबर की शाम घटी। पुलिस के मुताबिक, बृजेश यादव (34) पर नवरात्रि के दौरान गरबा डांस को लेकर द्ददू प्रधान (37) निवासी निलडोह से विवाद हो गया था। इसी विवाद का बदला लेने के लिए द्ददू ने अपने तीन साथियों- सनी मेश्राम, पवन मेश्राम और एक अन्य शख्स के साथ मिलकर बृजेश पर हमला कर दिया। जब बृजेश बाइक पर अमर नगर से गुजर रहा था, तभी आरोपियों ने उसे रोककर गालियां देते हुए डंडों से पीटना शुरू कर दिया। हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। गंभीर रूप से जख्मी बृजेश ने एमआईडीसी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।